# प्रधान महालेखाकारों के कार्यालय, केरल
# OFFICES OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANTS GENERAL, KERALA

सं. हिंदी कक्ष/हि.प.स.-2022/2022-23
No. Hindi Cell/H.F.C.-2022/2022-23 दिनांक:12.08.2022

## परिपत्र/CIRCULAR No.14

**विषय : हिंदी दिवस का पालन और पखवाड़ा समारोह के आयोजन के संबंध में ।**
**Sub : Observance of Hindi Day and Organisation of Fortnight Celebration - reg.**

राष्ट्र निर्माण में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया । इस पावन दिवस की स्मृति में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है ।

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा I) एवं प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा II), केरल के प्रधान एवं सभी शाखा कार्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से हिंदी पखवाड़ा समारोह-2022 ऊर्जा, उत्साह और उल्लास के साथ निम्न कार्यक्रम के अनुसार मनाया जाएगा ।

Hindi has played an important role in Nation Building. The Constituent Assembly granted the status of Official Language to Hindi on 14 September 1949. To commemorate this day, every year 14th of September is celebrated as 'Hindi Day'.

Hindi Day/Fortnight-2022 will be celebrated jointly by the Main Offices and all Branch Offices of the Principal Accountant General (Accounts & Entitlement), Principal Accountant General (Audit I) & Principal Accountant General (Audit II), Kerala, with energy, enthusiasm and gaiety, as per the following programme.

**14.09.2022 (बुधवार/Wednesday)**

**हिंदी दिवस का पालन एवं राजभाषा प्रतिज्ञा**
**Observance of Hindi Day & Official Language Pledge**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेशानुसार सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को निदेश दिया जाता है कि 14 सितंबर, 2022 को हिंदी दिवस के अवसर पर अपने अनुभागों में राजभाषा प्रतिज्ञा लें ।

हिंदी दिवस का पालन सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक अनुभागों में राजभाषा प्रतिज्ञा लेने के लिए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निदेश देते हुए राजभाषा प्रतिज्ञा का परिपत्र दिनांक. 13.09.2022 (मंगलवार) को जारी किया जाएगा । 14.09.2022 (बुधवार) को हिंदी दिवस का पालन किया जाएगा और परिपत्र में यथा निदेशित राजभाषा प्रतिज्ञा ली जाएगी ।

As directed by the Government of India, Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, all officers/officials are directed to take Official Language Pledge in their sections on 14 September, 2022 on the occasion of Hindi Day.

To ensure observance of Hindi Diwas, a Circular forwarding the Official Language pledge directing all officers/employees to take the Official Language pledge in each of the sections will be issued on 13.09.2022 (Tuesday). Hindi Day will be observed on 14.09.2022 (Wednesday) and the Official language pledge will be taken as directed in the Circular.

**पोस्टर/बैनर अथवा डिजिटल डिस्प्ले**
**Poster/Banner or Digital Display**

हिंदी पखवाड़ा समारोह के दौरान राजभाषा विभाग के निदेशानुसार हिंदी भाषा में कुछ प्रमुख सूक्तियों के पोस्टर कार्यालय के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

As directed by the Department of Official Language, posters of some of the major verses in Hindi Language will be displayed at prominent places in the office premises during the Hindi Fortnight Celebrations.

**19.09.2022 - 22.09.2022**

**प्रतियोगिताओं का आयोजन**
**Conduct of Competitions**

प्रधान कार्यालयों एवं शाखा कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से हिंदी में निम्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी -

The following competitions in Hindi will be conducted online for the officers and officials of Main Offices and Branch Offices –

1. *निबंध लेखन / Essay Writing*
2. *टिप्पण एवं आलेख / Noting & Drafting*
3. *कथा रचना / Story Writing*
4. *कविता रचना / Poetry Writing*
5. *पोस्टर डिजाइन करना / Poster Designing*
6. *सुलेखन / Calligraphy*

**निबंधन एवं शर्तें**
**Terms and conditions**

- कथा रचना एवं कविता रचना प्रतियोगिताएं हिंदी भाषा-भाषी एवं हिंदीतर भाषा-भाषियों के लिए एक साथ आयोजित की जाएंगी। हिंदी भाषा-भाषी एवं हिंदीतर भाषा-भाषी, दोनों श्रेणियों में कम से कम कुल 4 प्रतिभागी होने पर प्रत्येक श्रेणी का परिणाम अलग-अलग घोषित किया जाएगा।
  Story Writing and Poetry Writing competitions will be held simultaneously for Hindi Speaking and non-Hindi Speaking Officials. If there are at least 4 participants in both Hindi Speaking and non-Hindi Speaking categories, the result of each category will be declared separately.

- प्रतिभागियों को अपना नामांकन, संलग्न नामांकन प्रपत्र में संबंधित हिंदी कक्ष को 26.08.2022 अपराह्न 05.00 बजे तक प्रस्तुत करना होगा।
  The participants will have to submit their nomination in the nomination form enclosed, to the concerned Hindi Cell by 26.08.2022, 05.00 PM.

- प्रतियोगिताओं के प्रश्न-पत्र इस उद्देश्य के लिए बनाए गए ई-मेल/व्हाट्सएप ग्रूप के माध्यम से निर्धारित समय पर दिए जाएंगे। उत्तर पत्र स्कैन करके प्रतियोगिता के लिए निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के 10 मिनट के भीतर संबंधित हिंदी कक्ष की ई-मेल आई डी पर या 5 मिनट के भीतर संबंधित हिंदी कक्ष को प्रस्तुत करना होगा।
  The question paper of the competitions will be given at the scheduled time through the e-mail/WhatsApp group created for this purpose. The answer sheets may be scanned and sent to the e-mail id of the concerned Hindi Cell within 10 minutes or submitted to the concerned Hindi Cell within 5 minutes, of the expiry of the stipulated time limit.

➢ प्रतिभागी अपने उत्तर ए4 आकार के काग़ज़ में काली स्याही से सफाई से लिखें, काग़ज़ के किनारों पर पर्याप्त हाशिया छोडें और प्रत्येक कागज़ पर पृष्ठ संख्या लिखें । काग़ज़ के ऊपर दाईं ओर प्रतिभागी का नाम, पदनाम, आई डी संख्या, अनुभाग एवं कार्यालय का नाम स्पष्ट रूप से लिखें ।
The participants shall write their answers neatly in A4 size paper with Black ink, leaving sufficient margin on all sides and also write the page number on each page. Name, Designation, ID No., Name of Section and Office of the participant shall be clearly written on the top right of the paper.

| | |
|---|---|
| हिंदी कक्ष (ले व ह) / Hindi Cell (A&E) | : hindicell.ker.ae@cag.gov.in |
| हिंदी कक्ष(ले.व ह)/शा.का.कोच्ची/Hindi Cell(A&E)/Br.Kochi | : dagekmhindicell@gmail.com |
| हिंदी कक्ष(ले.व ह)/शा.का.तृशूर /Hindi Cell(A&E)/Br.TCR | : Hindicellaeter@gmail.com |
| हिंदी कक्ष (लेखापरीक्षा-I( / Hindi Cell (Audit-I) | : hindicell.ker1.au@cag.gov.in |
| हिंदी कक्ष (लेखापरीक्षा-II( / Hindi Cell (Audit-II) | : hindiersa.ker.au@cag.gov.in |

➢ यदि किसी भी प्रतियोगिता के लिए 4 से कम प्रतिभागी हैं, तो वह प्रतियोगिता रद्द कर दी जाएगी ।
If there are less than four participants for any competition, that competition will be cancelled.

➢ एक अधिकारी/कर्मचारी अधिकतम 3 प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है ।
An officer/official can participate in a maximum of 3 competitions.

➢ प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए प्रधान कार्यालय में एवं प्रत्येक शाखा कार्यालय में कम से कम 4 प्रतिभागी होने पर प्रत्येक कार्यालय के लिए अलग-अलग परिणाम घोषित किया जाएगा । अन्यथा प्रत्येक कार्यालय में प्रतिभागियों को प्राप्त होनेवाले अंकों के आधार पर प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा ।
If there are at least four participants for each competition in the Main Office and in each Branch Office, results will be declared separately for each office. Otherwise, Consolation Prize will be given on the basis of the marks obtained by the participants in each office.

**दिनांक. 23.09.2022 (शुक्रवार /Friday)**

**राजभाषा जागरूकता कार्यक्रम**
**Official Language Awareness Programme**

प्रधान कार्यालयों एवं सभी शाखा कार्यालयों के अधिकारियों के लिए दिनांक 23.09.2022 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 10.30 से अपराह्न 12.30 बजे तक ऑनलाइन रूप से एक अर्ध दिवसीय राजभाषा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।

A half-day online Official Language Awareness Programme will be organized on 23.09.2022 (Friday) from 10.30 am to 12.30 pm for the officers of the Main Offices and Branch Offices.

**दिनांक. 27.09.2022 (मंगलवार /Tuesday)**

प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा ।
Declaration of the results of competitions.

प्रतियोगिताओं के पुरस्कार
**Prizes for Competitions**

हिंदी पखवाड़ा समारोह, 2022 के दौरान आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निम्न दरों पर नकद पुरस्कार दिए जाएंगे -

The winners of the competitions held during the Hindi Fortnight Celebrations, 2022 shall be given cash prizes at the following rates:

*प्रथम पुरस्कार / First Prize: रु.2000/-*
*द्वितीय पुरस्कार / Second Prize : रु.1750/-*
*तृतीय पुरस्कार/ Third Prize: रु.1500/-*
*प्रोत्साहन पुरस्कार / Consolation Prize: रु.500/-*

**हिंदी दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों से अनुरोध है कि अपने कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दें और टिप्पण एवं आलेखन जैसे मौलिक कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें।**

**On the occasion of Hindi Day, all officers/officials are requested to promote the use of Official Language Hindi in their official work and use Hindi as much as possible in original work such as Noting & Drafting.**

**[प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), (लेखापरीक्षा I) एवं (लेखापरीक्षा II) के आदेशानुसार]**
**[Vide orders of the Prl Accountant General (A&E) (Audit I) & (Audit II)]**

यशोदा 12/8/2022
**वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन व लेप.प्र.स. I)/(लेखापरीक्षा- II)**
**Sr Dy Accountant General (Admn & AMG-I)/(Audit-II)**

**प्रतिलिपि**
**Copy to :-**

1. प्रधान महालेखाकार (ले व ह), प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा-I) एवं प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II) के प्रधान एवं शाखा कार्यालयों के सभी अधिकारी और अनुभाग
   All Officers and Sections of the Main and Branch Offices of the Principal Accountant General (A&E), Principal Accountant General (Audit-I) and Principal Accountant General (Audit-II)

2. सूचना पट्ट
   Notice Board

# हिंदी पखवाडा समारोह -2022
# HINDI FORTNIGHT CELEBRATIONS – 2022

## नामांकन प्रपत्र
## NOMINATION FORM

**प्रतियोगिता का नाम :**

1. नाम एवं पदनाम :
   Name and Designation

2. मातृभाषा :
   Mother tongue

3. अनुभाग :
   Section

4. कार्यालय का नाम :
   Name of office

5. ई- मेल आई डी :
   E-Mail ID

6. दूरभाष सं. :
   Telephone number

7. व्हाट्सअप नंबर. :
   WhatsApp no.

दिनांक :
Date

हस्ताक्षर
Signature